दैनिक यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# डब्ल्यूटीसी मुंबई पर विशेष डाक आवरण जारी

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** देश के व्यापार और उद्योग क्षेत्र में पांच दशकों से महत्वपूर्ण योगदान देने वाले डब्ल्यूटीसी मुंबई को एक विशेष सम्मान मिला है। डाक विभाग ने संस्थान की उपलब्धियों को मान्यता देते हुए उसके नाम

## पांच दशक के योगदान को मिली राष्ट्रीय मान्यता

पर विशेष डाक आवरण जारी किया। इस उपलब्धि को चिह्नित करने के लिए डब्ल्यूटीसी मुंबई में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डब्ल्यूटीसी मुंबई ने वर्षों से भारतीय उद्योगों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने, व्यापार को बढ़ावा देने और आर्थिक साझेदारियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में व्यापार एवं निवेश संवर्धन की निदेशक प्रिया पानसरे ने कहा कि हाल के वर्षों में डब्ल्यूटीसी मुंबई ने सतत विकास, नवाचार और व्यापारिक सहयोग के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने इस विशेष आवरण को संस्थान की उपलब्धियों का गौरवपूर्ण प्रतीक बताया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महाराष्ट्र परिक्षेत्र के मुख्य डाक महानिदेशक अमिताभ सिंह ने डब्ल्यूटीसी मुंबई की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संस्थान व्यापारिक संवाद और सहयोग को बढ़ाने में अहम मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने डाक विभाग की बदलती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि अब यह विभाग परिवहन और व्यापार सहयोग के क्षेत्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। इस अवसर पर जारी विशेष डाक आवरण को संस्थान की पांच दशक लंबी यात्रा और व्यापार संवर्धन में योगदान का प्रतीक बताया गया।



## मोरारजी देसाई ने किया था उद्घाटन

इस अवसर पर डब्ल्यूटीसी मुंबई के अध्यक्ष डॉ. विजय कलंत्री ने कहा कि संस्थान की स्थापना भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के दूरदर्शी विचारों से प्रेरित होकर की गई थी, जिनका विश्वास नियोजन, नवाचार और उद्यम के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में था। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूटीसी मुंबई का उद्देश्य मुंबई को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करना रहा है। उन्होंने यह भी स्मरण किया कि केंद्र के लिए भूमि आवंटन मोरारजी देसाई के नेतृत्व में हुआ था, जिन्होंने बाद में प्रधानमंत्री के रूप में इसका उद्घाटन किया।